प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

वेटरनरी सोसाइटी द्वारा वेट फेयर से वार्षिक प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारम्भ

विष्वविद्यालय की वेटरनरी सोसाइटी ने 'मेध्य' नामक वेट फेयर से अपनी वार्षिक प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया, जिसमें प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा खाद्य पदार्थ एवं खेलों के 14 स्टॉल्स तथा चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा डेडिकेशन स्टॉल लगाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में डा. घोष, डा. मानसी, डा. प्रणीता, डा. त्रिपाठी उपस्थित थे।

उद्घाटन के उपरांत सफाई, प्रेजेन्टेशन, ड्रेस कोड आदि के आधार पर डा. राजीव रंजन, डा. प्रभाकरन, डा. एस.पी. मौर्या, डा. अमन काम्बोज ने स्टॉल्स का आंकलन किया, जिसमें पहली बाजी स्टॉल नंबर 7, 'खट्टा मीठा', ने मारी तथा दूसरा स्थान पर स्टॉल नंबर 4, 'टिप्लिंग चिल कॉर्नर', ने प्राप्त किया। संपूर्ण कार्यक्रम स्टाफ काउंसलर डा. मीना मृगेश, चेयरपर्सन अपूर्वा रावत, को–चेयरपर्सन पीयूष पांडेय एवं प्रियांशी डोभाल, अभिषेक, बरीशा अली, रितिप्सा भट्ट, दीपक जोशी, स्नेहा कुमारी तथा अन्य वेटरनरी सोसाइटी मेम्बर्स के दिशा–निर्देशों पर सुनियोजित तरह से सफल बनाया गया। आगामी सप्ताह 2 से 8 अप्रैल, 2024 में वेटरनरी सोसाइटी द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएँ, जैसे–पेटिंग, कोलाज, गायन, नृत्य कला, वाद–विवाद एवं कल्चरल रेनैस्सेंस आदि आयोजित की जाएंगी जिसमें हर वर्ष की भांति सम्पूर्ण विश्वविद्यालय के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते अतिथि।